संख्या-1 3 उ /2026/2717/26-3-2026-1928113

प्रेषक,

चन्द्र कुमार मिश्र,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण
उ0प्र0 लखनऊ ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 12 अक्टूबर 2026

विषयः- **जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों (बाटी-मथुरा (बालक), हुसैनाबाद-बलिया (बालक), माधोटान्डा-पीलीभीत (बालिका), मनकापुर-गोण्डा (बालक), सरवनखेड़ा-कानपुर देहात (बालक), हसनपुर-अमरोहा (बालक), सदर-महराजगंज (बालिका), प्रतापपुरचर्मुखा-अम्बेडकनगर) के संचालन हेतु नियमित पदों के सृजन के सम्बन्ध में।** (बालिका)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-10216/स0क0/ए0टी0एस0/पद सृजन-168-I/2025-26, दिनांक 23-02-2026, पत्र संख्या-483-85/ स0क0/ए0टी0एस0/पद सृजन-168-I/2025-26, दिनांक 09-02-2026 तथा पत्र संख्या-1728/स0क0/ए0टी0एस0/पद सृजन-168/2026-27, दिनांक-07-09-2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों (बाटी-मथुरा (बालक), हुसैनाबाद-बलिया (बालक), माधोटान्डा-पीलीभीत (बालिका), मनकापुर-गोण्डा (बालक), सरवनखेड़ा-कानपुर देहात (बालक), हसनपुर-अमरोहा (बालक), सदर-महराजगंज (बालिका), प्रतापपुरचर्मुखा-अम्बेडकनगर) के संचालन हेतु नियमित पदों के सृजन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

2- अतः इस सम्बन्ध में सम्यक् विचारोपरांत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों (बाटी-मथुरा (बालक), हुसैनाबाद-बलिया (बालक), माधोटान्डा-पीलीभीत (बालिका), मनकापुर-गोण्डा (बालक), सरवनखेड़ा-कानपुर देहात (बालक), हसनपुर-अमरोहा (बालक), सदर-महराजगंज (बालिका), प्रतापपुरचर्मुखा-अम्बेडकनगर) के संचालन हेतु निम्नवत् तालिका में अंकित पदों के सृजन के सम्बन्ध में निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

(नियमित वेतनमान में नियमित पदों का सृजन)

क्र0स	पदनाम	दिनांक 01.01.2016 से पुनरीक्षित पे0 मैट्रिक्स लेवल का वेतनमान	पदों की संख्या प्रति विद्यालय	कुल 08 विद्यालयों में पदों की संख्या	वित्त विभाग द्वारा संस्तुत पदों की संख्या
1	प्रधानाचार्य	15600-39100+पे ग्रेड 7600 वेतन बैण्ड-3 दिनांक 01-01-2016 से पुनरीक्षित पे0 मैट्रिक्स लेवल 12 रू0 78800-209200	01	08	08
2	उप प्रधानाचार्य	15600-39100+पेग्रेड 5400 वेतन बैण्ड-3 दिनांक 01-01-2016 से पुनरीक्षित पे0 मैट्रिक्स लेवल-10 रू0 56100-177500	01	08	08
3	प्रवक्ता (कक्षा-11 से 12 तक) हिन्दी, अंगेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान,	पे0 मैट्रिक्स लेवल 8 रू0 47600-151100	10	80	80

	कम्प्यूटर, भूगोल, वाणिज्य, गृह-विज्ञान				
4	सहायक अध्यापक एल0टी0ग्रेड (कक्षा-6 से 10 तक) हिन्दी,अंग्रेजी-2, गणित-2 विज्ञान-2 सामाजिक विज्ञान, कला, संगीत, व्यायाम प्रशिक्षक, कम्प्यूटरप्रशिक्षक	पे0 मैट्रिक्स लेवल 7 रू0 44900-142400	10	80	80
5	लाइब्रेरियन	पे0 मैट्रिक्स लेवल 5 रू0 29200-92300	01	08	08
6	कनिष्ठ सहायक	पे0 मैट्रिक्स लेवल 3 रू0 21700-69100	01	08	08
7	सहायक स्टोर कीपर	पे0 मैट्रिक्स लेवल 3 रू0 21700-69100	01	08	08
8	छात्रावास सहायक	पे0 मैट्रिक्स लेवल 3 रू0 21700-69101	01	08	08
	कुल पद		**26**	**208**	**208**

(1) वेतन समिति (2008) द्वारा वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-वे०आ०-2-467ए/दस-54 (एम)/2008टी०सी०,दिनांक 03.07.2013 मे निम्नवत व्यवस्था है :-

(i) स्टोर कीपर संवर्ग का त्रिस्तरीय संवर्गीय ढाँचा (सहायक स्टोर कीपर, स्टोर कीपर तथा वरिष्ठ स्टोर कीपर) रखा जाय। संवर्ग में विद्यमान कुल पदों की संख्या के 50 प्रतिशत पद सहायक स्टोर कीपर के 30 प्रतिशत पद स्टोर कीपर के तथा 20 प्रतिशत पद वरिष्ठ स्टोर कीपर के रखे जायें।

(ii) संवर्ग में सहायक स्टोर कीपर के प्रथम स्तर के पद पर निम्न व्यवस्था निर्धारित की जाय :-

(अ) 85 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा अभ्यर्थी नियुक्त होंगे उन्हें सर्वप्रथम वेतन बैण्ड-1 रू0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 1900/- में नियुक्त किया जाय। तदोपरान्त जब उपरोक्तानुसार नियुक्त कार्मिक किसी प्रतिष्ठित संस्था से कम्प्यूटर संचालन में डोयक सोसाइटी द्वारा प्रदत्त सी०सी०सी० प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लेंगे तब उन्हें वेतन बैण्ड-1 रू0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2000/- अनुमन्य कराया जाय।

सहायक स्टोर कीपर के पद पर जो कार्मिक सम्प्रति कार्यरत हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से वेतन बैण्ड-1 रू0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2000/- अनुमन्य कराया जाय।

सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती किये गये सहायक स्टोर कीपर की नियुक्ति पे0 मैट्रिक्स लेवल 2 रू0 19900-63200 (वेतन बैण्ड-1 रू० 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रू० 1900) में की जाय। उपरोक्तानुसार नियुक्त किये गये सहायक स्टोर कीपर द्वारा किसी प्रतिष्ठित संस्था से कम्प्यूटर संचालन में डोयक सोसाइटी द्वारा प्रदत्त सी०सी०सी० प्रमाणपत्र प्राप्त कर लेने पर ऐसे कार्मिक को पे0 मैट्रिक्स लेवल 3 रू0 21700-69100 (वेतन बैण्ड-1 रू० 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रू० 1900) अनुमन्य किया जाय।

(2) समिति द्वारा मात्र पद सृजन की संस्तुति की जाती है। प्रशासकीय विभाग द्वारा पदों पर चयन की कार्यवाही संबंधित पदों हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हताओं के अनुसार संगत सेवा नियमावलियों में विहित व्यवस्थाओं के अनुरूप निर्धारित चयन/भर्ती/नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रक्रिया एवं विधि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की जायेगी।

(3) प्रशासकीय विभाग द्वारा विभाग में रिक्त पदों पर पदोन्नति/सीधी भर्ती से भरे जाने की कार्यवाही संगत सेवा नियमावली में निर्धारित 'भर्ती' के स्रोत एवं न्यूनतम शैक्षिक अर्हता के आधार पर द्वारा तत्परता पूर्वक प्राथमिकता सुनिश्चित की जायेगी।

(4) नियमित वेतनमान में नवीन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों हेतु पद सृजन संबंधी बैठक के कार्यवृत्त में उल्लिखित पदों के विवरण का समावेश समाज कल्याण विभाग शैक्षिक संवर्ग की सेवा नियमावली में करा लिया जायेगा।

(5) सृजित पदों की विधि मान्यता प्रदान किये जाने के दृष्टिगत विभाग द्वारा समस्त वस्तुस्थिति तथा सम्पूर्ण तथ्यों का मा0 मंत्रिपरिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जाने वाली टिप्पणी में उल्लेख करते हुये मा0 मंत्रिपरिषद के

अनुमोदनोपरान्त मा0 मंत्रिपरिषद के निर्णय को यथा समय नियमावली में यथा स्थान एवं यथा प्रक्रिया समाविष्ट करते हुये संशोधित नियमावली का प्रख्यापन कराये जाने संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

3- यह आदेश वित्त विभाग की यू0ओ0 संख्या-E-4-151-X-2026-27 दिनांक: 09-10-2026 के माध्यम से प्रदान की गयी सहमति के क्रम में जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

Digitally signed by
CHANDRA KUMAR MISHRA
Date: 09-10-2026 18:18:23

(चन्द्र कुमार मिश्र)
अनु सचिव

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज ।
4- प्रधान महालेखाकार (सिविल ऑडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी,जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6- जिलाधिकारी, मथुरा, बलिया, पीलीभीत, गोण्डा, कानपुर देहात, महराजगंज, अमरोहा तथा अम्बेकरनगर उ0प्र0।
7- जिला समाज कल्याण अधिकारी, मथुरा, बलिया, पीलीभीत, गोण्डा, कानपुर देहात, महराजगंज, अमरोहा तथा अम्बेकरनगर, उ0प्र0।
8- समाज कल्याण अनुभाग-1/4, उ0प्र0 शासन।
9- वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-4/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
10- वित्त नियंत्रक, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
11- निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
12- गार्डफाइल।

(चन्द्र कुमार मिश्र)
अनु सचिव